# 904

Total Pages : 3 Roll No. ......................

# CGL-102

## चयनित गढ़वाली गद्य

Certificate in Garhwali Language

Examination, 2021 (Winter)

**Time : 2 Hours]** **Max. Marks : 100**

**नोट :** यह प्रश्नपत्र सौ (100) अंकों का है जो दो (02) खण्डों, क तथा ख में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है।

**( खण्ड–क )**

**( दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न )**

**नोट :** खण्ड 'क' में पाँच (05) दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए छब्बीस (26) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (2×26=52)

1. गढ़वाली भाषा की कहानी के उद्भव से लेकर अब तक के प्रमुख कहानीकारों के योगदान का उल्लेख कीजिए।

2. गढ़वाली नाट्य विधा से क्या तात्पर्य है? उदाहरण देकर इसके महत्त्व को विस्तार से समझाइए।

3. महाकवि प्रेमलाल का जीवन परिचय देते हुए उनकी किसी एक कृति को विस्तार से समझाइए।

4. 'अछयूं कु ताल' (नाटक) किसने लिखा था? इस नाटक के मुख्य कलाकारों के नाम बताइए और इस नाटक से क्या सार निकलता है इसे बताइए।

5. 'हेडमास्टर हिरदैराम' कहानी के लेखक कौन थे? इस कहानी को संक्षिप्त में बताइए।

## (खण्ड-ख)

## (लघु उत्तरों वाले प्रश्न)

**नोट :** खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए बारह (12) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (4×12=48)

1. 'डुंडा खच्चरै कथा' (कहानी) किसने लिखी? कहानीकार का जीवन परिचय दीजिए।

2. गढ़वाली में बाईबल का अनुवाद कब हुआ और किसने किया?

3. प्रथम गढ़वाली कहानी 'गढ़वाली ठाट' और 'गणि' कहानी किन कहानीकारों ने लिखीं?

4. गढ़वाली के प्रथम उपन्यास का नाम और उपन्यासकार का नाम लिखिए।

5. 'जोनि पर छापु किलै' कथा संग्रह के कथाकार कौन हैं? इस कथा संग्रह के भावार्थ को समझाइए।

6. 'आर-पारै लड़ै' व्यंग्य का सार अपने शब्दों में उदाहरण देकर लिखिए।

7. साहित्यकार भगवती प्रसाद जोशी का जीवन परिचय लिखिए तथा उनके द्वारा लिखित खण्डकाव्य का नाम बताइए।

8. 'पारबती' उपन्यास के दिए गए खण्ड का सार अपने शब्दों में लिखिए।